>

Title: Need to review the location of proposed bye-pass connecting NH96 to NH231 in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -laid.

**श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़):** मेरे लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में प्रस्तावित बाईपास जो एन.एच.-96 से एन.एच.-231 को मिलाने का काम करेगा । यह बाईपास ग्राम गोंडे से होकर मोहनगंज बाजार में मिलेगा, किन्तु पूर्व की राज्य सरकार द्वारा सर्वे लाइन में आ रहे ट्रामा सेन्टर को भी बाईपास के लेआउट में शामिल कर लिया गया और उसके सामने स्थित प्रतापगढ़ से सण्डवाचण्डिका जाने वाले प्रमुख मार्ग पर फ्लाईओवर भी प्रस्तावित नहीं किया गया जिसके कारण भविष्य में उसी स्थल के निकट निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के बन जाने पर भारी आवागमन से बाईपास उद्देश्यविहीन हो जाएगा । इसलिए मेरी माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग है कि जनपद प्रतापगढ़ के एन.एच.-96 से एन.एच.-231 के बीच प्रस्तावित बाईपास के लेआउट में ग्राम पूरेकेशवराय अंतर्गत स्थित ट्रामा सेन्टर व उसके सामने स्थित सड़क के क्रॉसिंग पर छोटा फ्लाईओवर भी बनाने की कार्ययोजना सम्मिलित कराकर सड़क में क्रॉसिंग पर संभावित जाम व निर्मित हो चुके ट्रामा सेन्टर को भी बचा लेने में सहायक होने की योजना की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें ।